हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 22 मार्च 2026


06 शिवपुरी स्वास्थ शिविर को लेकर बैठक हुई ...





07 देश में अमन, चैन और खुशहाली की कामना के साथ ईद की हुई...






## समाचार संक्षेप

### चेतना साहित्य एवं कला परिषद, गुना के नए अध्यक्ष बने प्रेम सिंह 'प्रेम'



**गुना।** चेतना साहित्य एवं कला परिषद, गुना की एक महत्वपूर्ण बैठक नानाखेड़ी स्थित गौड़ बाबा मंदिर (संजोग गार्डन के सामने) में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता संस्थापक सदस्य एवं वरिष्ठ कवि विष्णु साथी ने की। मुख्य अतिथि के रूप में रामवीर शर्मा तथा विशेष अतिथि के रूप में रामकुमार शर्मा उपस्थित रहे।ज्ञात हो कि परिषद विगत 13 वर्षों से निरंतर काव्य गोष्ठियों का आयोजन करती आ रही है, किंतु वर्तमान अध्यक्ष के अस्वस्थ होने के कारण अन्य गतिविधियाँ प्रभावित हो रही थीं। इसी कारण आयोजित बैठक में परिषद के अध्यक्ष पद के लिए प्रेम सिंह 'प्रेम' का नाम संस्थापक सदस्य विष्णु साथी द्वारा प्रस्तावित किया गया, जिसे सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से समर्थन दिया।इस प्रकार प्रेम सिंह 'प्रेम' को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। उनके अध्यक्ष बनने पर परिषद में नई ऊर्जा के संचार की उम्मीद जताई गई। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि वे एक माह के भीतर अपनी कार्यकारिणी की घोषणा करेंगे तथा नियमित रूप से प्रतिमाह काव्य गोष्ठियों का आयोजन जारी रखा जाएगा।इस अवसर पर रामवीर शर्मा, धर्मवीर सिंह, हरीश सोनी, उमाशंकर भार्गव, अमित कबीर, रामकुमार शर्मा, दिमान सिंह रजक, सूर्य प्रकाश शर्मा, शिवदयाल भदौरिया, कमलेश बैरागी, रामसिंह रघुवंशी, रविंद्र सिंह रघुवंशी, राधेश्याम शर्मा, आदित्य भारद्वाज, कालू कुशवाह एवं रामेश्वर प्रसाद शर्मा सहित अनेक सदस्यों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।

### एकलव्य छात्रावास में बालिकाओं की एचपीवी टीकाकरण संबंधी काउंसलिंग की



**गुना ।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा एकलव्य छात्रावास में बालिकाओं के लिए एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण संबंधी काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को गर्भाशय ग्रीवा कैंसर (सर्वाइकल कैंसर) से सुरक्षित रखना रहा। इस अवसर पर जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सुदर्शन कुशवाह एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.आर. माथुर द्वारा छात्रावास की बालिकाओं को एचपीवी संक्रमण, उससे होने वाले संभावित कैंसर के जोखिम तथा एचपीवी टीकाकरण के महत्व के बारे में सरल एवं प्रभावी तरीके से जानकारी दी गई।काउंसलिंग के दौरान बताया गया कि एचपीवी टीका पूर्णतः सुरक्षित एवं प्रभावी है तथा भविष्य में सर्वाइकल कैंसर से बचाव का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। साथ ही बालिकाओं की जिज्ञासाओं का समाधान कर टीकाकरण से संबंधित भ्रांतियों को दूर किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी पात्र आयु वर्ग की बालिकाओं से एचपीवी टीकाकरण अवश्य कराने की अपील की गई। कार्यक्रम में एकलव्य छात्रावास के प्राचार्य अभिषेक पाण्डे, वार्डन सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बलिदान दिवस पर पंचमुखी हनुमान मंदिर में रक्तदान शिविर का आयोजन कल

गुना। अमर शहीद भगत सिंह, सुखदेव थापर एवं शिवराम राजगुरु के बलिदान दिवस 23 मार्च के पावन अवसर पर पंचमुखी हनुमान मंदिर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन बलिदान दिवस की पूर्व संध्या, 22 मार्च को शाम 5 बजे से प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करना एवं जनसेवा के इस पुनीत कार्य के माध्यम से मानवता की सेवा करना है।आयोजकों ने नगरवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर रक्तदान करें और इस पुण्य कार्य को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें।

# गुना के अमन जैन ने नेटफ्लिक्स की वेब सीरीज हैल्लो बच्चन में अहम भूमिका निभाई

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले के युवा कलाकार अमन जैन लगातार मनोरंजन जगत में अपनी पहचान मजबूत कर रहे हैं। हाल ही में उन्होंने लोकप्रिय ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई वेब सीरीज हैलो बच्चन में डायरेक्टर असिस्टेंट और अभिनेता के रूप में काम किया है। इस उपलब्धि के साथ अमन जैन का नाम उन उभरते कलाकारों में शामिल हो गया है जो छोटे शहर से निकलकर बड़े मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। शिक्षा और सपनों की कहानी है हैलो बच्चनहैलो एक प्रेरणादायक वेब सीरीज है, जो प्रसिद्ध शिक्षक और अलख पांडे की यात्रा और उनके द्वारा लाखों छात्रों के जीवन में लाए गए बदलाव की कहानी को दर्शाती है। जिसको बहुत ही प्रभावशाली तरह से जानेमाने बॉलीवुड अभिनेता विनीत सिंह ने स्क्रीन पर दिखाया।इस सीरीज में उन छात्रों के संघर्ष, मेहनत और उम्मीदों को दिखाया गया है, जो सीमित संसाधनों के बावजूद बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने का साहस रखते हैं। हैलो बच्चन यह







दर्शाती है कि कैसे एक शिक्षक की सच्ची लगन और समर्पण लाखों विद्यार्थियों को नई दिशा दे सकता है। यह कहानी सिर्फ शिक्षा की नहीं, बल्कि मेहनत, संघर्ष और सपनों की उड़ान की भी कहानी है।निर्देशक प्रतीश मेहता की खास पहचानइस प्रेरणादायक सीरीज का निर्देशन जाने-माने निर्देशक प्रतितेष मेहता ने किया है। प्रतीश मेहता अपनी संवेदनशील कहानी कहने की शैली और युवाओं से जुड़ी वास्तविक कहानियों को पर्दे पर उतारने के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने अपने निर्देशन में ऐसे किरदार और परिस्थितियाँ रची हैं जो दर्शकों को भावनात्मक रूप से जोड़ती हैं। हैलो बच्चन में उन्होंने शिक्षा की दुनिया, छात्रों की परेशानियों और उनके सपनों को बेहद वास्तविक और प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया है।कई ओटीटी प्रोजेक्ट्स का हिस्सा रहे हैं अमन जैनअमन जैन का यह पहला प्रोजेक्ट नहीं है। इससे पहले भी वे कई चर्चित ओटीटी शोज़ का हिस्सा रह चुके हैं। उन्होंने लोकप्रिय सीरीज सिक्सर, कोटा फैक्ट्री सहित अन्य में भी काम किया है। इन प्रोजेक्ट्स में काम करके उन्होंने फिल्म और वेब इंडस्ट्री के अनुभव को और मजबूत किया है। गुना से मुंबई तक का सफरमध्यप्रदेश के गुना से ताल्लुक रखने वाले अमन जैन का कहना है कि उनके इस सफर में उनके दोस्तों और परिवार का बहुत बड़ा योगदान रहा है।

## ईद-उल-फितर पर गले मिलकर मुबारकबाद दी

# ईद की नमाज के साथ गूंजा अमन-चैन का पैगाम







हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर में शनिवार को ईद-उल-फितर का पर्व पूरे उल्लास और भाईचारे के माहौल में मनाया गया। शुक्रवार को चांद नजर आने के बाद शनिवार सुबह से ही ईदगाहों और मस्जिदों की ओर नमाजियों का रुख शुरू हो गया।

सुबह 7:30 बजे से नमाज का सिलसिला शुरू हुआ, जबकि बड़ी ईदगाह में सुबह 9:30 बजे मुख्य नमाज अदा की गई। नमाज के बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने देश और प्रदेश में अमन-चैन, तरक्की और खुशहाली की सामूहिक दुआ मांगी। इसके बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाई दी और बच्चों को ईदी देकर खुशियां साझा कीं।शहर की बड़ी ईदगाह, कैंट मस्जिद, हड्डी मील सहित करीब एक दर्जन स्थानों पर नमाज अदा की गई, जहां सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग पहुंचने लगे थे। बड़ी ईदगाह पर इमाम ने नमाज अदा कराते हुए भाईचारे, इंसानियत और जरूरतमंदों की मदद करने का संदेश दिया। नमाज के बाद तकरीर में रमजान के दौरान किए गए रोजों और इबादत की अहमियत बताते हुए सालभर नेक राह पर चलने की सीख दी गई। इस अवसर पर हजरत चांदशाह वली अध्यक्ष एहसान मोहम्मद , पूर्व अध्यक्ष वक्फ जिला कमेटी शाने इस्लाम राईन, जिला वक्फ कमेटी अध्यक्ष जाकिर बाबड़ी, भाजपा वरिष्ठ नेता शाकिर राईन , रियाजउद्दीन कुरैशी (रमजू भैया), अखबर खान उपस्थित रहे। ईद के मौके पर शहर के मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में मेले जैसा माहौल देखने को मिला। बच्चे नए कपड़े पहनकर झूले का आनंद लेते नजर आए, वहीं चाट, मिठाई और आइसक्रीम के ठेलों पर भी दिनभर भीड़ बनी रही। बाजारों में खिलौनों की दुकानों पर बच्चों की खासा उत्साह देखने को मिला। छोटे-छोटे बच्चों ने बड़ों से ईदी लेकर अपनी पसंद की चीजें खरीदीं और त्योहार की खुशियां मनाईं। ईद-उल-फितर को खुशियां बांटने और दान करने का पर्व माना जाता है। रमजान के पूरे महीने रोजा रखने के बाद यह त्योहार आता है, जो संयम, इबादत और इंसानियत का संदेश देता है। इस दिन लोग अपनी हैसियत के अनुसार जरूरतमंदों को जकात और फितरा देते हैं, ताकि हर कोई त्योहार की खुशी में शामिल हो सके। त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन की ओर से भी विशेष इंतजाम किए गए थे। प्रमुख ईदगाहों और मस्जिदों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था के साथ साफ-सफाई और पानी की व्यवस्था की गई, जिससे नमाजियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

## पीडीएस चावल की कालाबाजारी पर प्रशासन की सख्त कार्रवाई, 13 क्विंटल जब्त किए



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार सार्वजनिक वितरण प्रणाली को जनमुखी बनाने एवं कालाबाजारी व जमाखोरी पर अंकुश लगाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत आरोन नगर में बड़ी कार्रवाई की गई। प्राप्त सूचना के आधार पर नायब तहसीलदार आरोन एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी द्वारा संयुक्त कार्रवाई करते हुए पवन कुमार जैन एवं श्रवण कुमार जैन की दुकानों से 26 कट्टों में लगभग 13 क्विंटल चावल जब्त किया गया। प्रारंभिक जांच में उक्त चावल पीडीएस का होना पाया गया। जब्त चावल को स्टेट वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन, आरोन की सुपुर्दगी में सौंप दिया गया है। दोनों दुकानदारों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई में जिला आपूर्ति अधिकारी अवधेश पांडे एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी गुना आशीष चतुर्वेदी भी उपस्थित रहे।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी, ताकि जरूरतमंदों तक शासकीय खाद्यान्न सही रूप में पहुंच सके।

## गुना में सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर शिकायत, कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



शहर के सिटी कोतवाली थाने में सोशल मीडिया पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणियों को लेकर एक लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि शाही जामा मस्जिद के सचिव परवेज अहमद कुरैशी द्वारा फेसबुक के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबंध में अनुचित टिप्पणियाँ की गई हैं।

शिकायतकर्ता भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष जाकिर बाबड़ी ने पुलिस प्रशासन से मामले की जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। उनका कहना है कि इस प्रकार की टिप्पणियाँ समाज में तनाव उत्पन्न कर सकती हैं और सार्वजनिक शांति व्यवस्था को प्रभावित कर सकती हैं। शिकायत में यह भी कहा गया है कि संबंधित व्यक्ति के खिलाफ प्रासंगिक धाराओं में प्रकरण दर्ज कर निष्पक्ष जांच की जाए। उनका कहना है कि यह मामला अब दिल्ली पहुंच चुका है। फिलहाल पुलिस ने आवेदन प्राप्त कर मामले की जांच शुरू करने की बात कही है। प्रशासन का कहना है कि जांच के बाद ही आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# राघौगढ़ नगर में मनाया ईदुल फितर का त्योहार





हरिभूमि न्यूज ⏭राघौगढ़

पवित्र पर्व ईद-उल-फितर के अवसर पर अंजुमन कमेटी के सदर ताहिर खान की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों को दिली मुबारकबाद दी गई। इस अवसर पर सुबह 8 बजे ताहिर खान सदर(अध्यक्ष) अंजुमन इस्लाम कमेटी मुस्लिम समाज की अध्यक्षता में राघौगढ़ दीनी नारों के साथ जुलूस जामा मस्जिद राघौगढ़ से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गों से होता हुआ ईदगाह पर पहुंचने तक,पूरे शहर में जगह जगह जुलूस का स्वागत किया गया ।ईदगाह पहुँचने पर सुबह 9:30 बजे ईद-उल-फितर की नमाज शहर काजी मौलाना अदनान नदवी ने अदा कराई। इसी तरह मदरसा जामिया इस्लामिया नुरुल उलूम बरखेड़ी मेवाती में काजी अनीस रहमानी ने सुबह 8:00 बजे ईदुल फितर की नमाज अदा कराई ओर मुल्क में अमन शांति कायम रहे मुल्क हमारा तरक्की करे दुआ कराई गई। इस मौके पर राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह,नगर पालिका अध्यक्ष विजय कुमार साहू,जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि चंद्रमोहन मीणा,तहसीदार अनुराग जैन,एसडीओपी दीपा डूडवे, थाना प्रभारी रसना राजावत,कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष राहुल वतस,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र लाहोटी, राजीव साहू, कुलदीप पार्षद, मनीष कुमार जैन बंधुओं सहित शहर के गणमान्य नागरिकों ने ईदगाह पहुंच कर ईदुल फितर की मुबारकबाद दी। ताहिर खान ने बताया कि रमज़ान के पूरे महीने अकीदतमंदों ने कड़ी धूप और गर्मी के बावजूद रोज़े रखकर इबादत की और अल्लाह की बारगाह में मुल्क में अमन-शांति, खुशहाली और तरक्की के लिए दुआएं मांगीं। उन्होंने कहा कि ईद-उल-फितर भाईचारे, मोहब्बत, आपसी एकता और इंसानियत का पैगाम देने वाला मुकद्दस त्योहार है। यह पर्व हमें जरूरतमंदों की मदद करने और समाज में अमन व सौहार्द बनाए रखने की प्रेरणा देता है। ईदगाह पर सभी हिंदू मुस्लिम भाइयों ने आपस में गले मिलकर एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद पेश की।उन्होंने ईद के सफल आयोजन के लिए प्रशासन, पुलिस विभाग, नगर पालिका एवं प्रेस के सहयोग और व्यवस्थाओं के लिए धन्यवाद व्यक्त किया। साथ ही सभी क्षेत्रवासियों से आपसी भाईचारा और शांति बनाए रखने की अपील की।

## एचपीवी टीकाकरण में लापरवाही पर संविदा एएनएम के विरुद्ध कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले में किशोरी बालिकाओं के स्वास्थ्य संरक्षण हेतु संचालित एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुंभराज में 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं का टीकाकरण किया जा रहा है।खंड चिकित्सा अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीनागंज द्वारा जानकारी दी गई कि टीकाकरण कार्य हेतु नियुक्त कुसुम माहौर, संविदा एएनएम, 20 मार्च से बिना पूर्व सूचना के ड्यूटी से अनुपस्थित रहीं। उनके अनुपस्थित रहने से टीकाकरण के लिए पहुंची बालिकाओं को असुविधा का सामना करना पड़ा तथा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य प्रभावित हुआ।उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी उनके द्वारा टीकाकरण सत्र को समयपूर्व छोड़ने एवं वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना करने पर चेतावनी दी जा चुकी है तथा एक दिवस के वेतन की कटौती की कार्रवाई भी की गई थी। इसके बावजूद कार्य में सुधार न होने को गंभीर लापरवाही मानते हुए संविदा मैन्युअल 2025 के प्रावधानों के तहत दंडात्मक कार्रवाई की गई है।इस क्रम में श्रीमती कुसुम माहौर का मार्च 2026 माह का 7 दिवस का संविदा मानदेय काटने के निर्देश जारी किए गए हैं। साथ ही भविष्य में पुनः ऐसी स्थिति बनने पर कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि जनस्वास्थ्य से जुड़े कार्यक्रमों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने दायित्वों का पूर्ण पालन करना होगा।

### चंदेल चिडार क्षत्रिय समाज की बैठक आज होगी

गुना। चंदेल चिडार क्षत्रिय समाज द्वारा 22 मार्च रविवार को दोपहर ग्यारह बजे बजरंगगढ़ रोड़ स्थित महर्षि आश्रम के सामने स्थित हनुमान मंदिर पर समाज की बैठक आयोजित की गई है जिसमें समाज को मजबूत बनाने और संगठन के विस्तार करने पर विचार विमर्श किया जायेगा। अध्यक्ष नारायण लाल मैयर ने सभी समाज बंधुओं से समय पर उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाने का अनुरोध किया।

## रोटरी रीजनल मेडिकल मिशन शिवपुरी में चल रहा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

# गुना के पांच ब्लॉकों से प्रतिदिन 10 बसों में 300 मरीज पहुंच रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

रोटरी रीजनल मेडिकल मिशन शिवपुरी में 17 से 24 मार्च तक आयोजित विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में गुना जिले के सैकड़ों मरीज प्रतिदिन शिवपुरी मेडिकल कॉलेज पहुंच स्वास्थ लाभ ले रहे हे। रोटरी शिविर संयोजक विकास जैन नखराली ने बताया कि शुक्रवार को 10 बसों के द्वारा जिले के पांचों ब्लाकों के चिन्हित 300 से अधिक गंभीर रोगियों शिवपुरी स्वास्थ शिविर के लिए रेफर किया गया इन बसों को भाजपा नेता एवं रोटरी शिविर संयोजक विकास जैन



नखराली एवं जिला स्वास्थ अधिकारी आर आर माथुर की उपस्थिति में मरीजों को रवाना किया गया। विकास जैन ने बताया कि गुना कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन में जिले के 5 ब्लॉक जिसमें विनागंज, राधौगढ़, आरोन,बमोरी एवं गुना ब्लॉक से प्रतिदिन दो दो बसें सुवह 8 बजे शिवपुरी के लिए रवाना की जा रही हे। आज दिनांक तक गुना जिले के लगभग 1 हजार से अधिक रोगियों ने इस स्वास्थ शिविर में सम्मिलित होकर स्वास्थ लाभ लिया। शिविर संयोजक विकास जैन जानकारी देते हुए कहा कि केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री तथा गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रयास से मध्यप्रदेश सरकार एवं श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्वास्थ्य सेवा मिशन और रोटरी रीजनल मेडिकल मिशन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित स्वास्थ शिविर में हजारों रोगियों का दिल्ली एम्स सहित विभिन्न राज्यों के बड़े शहरों से विशेषज्ञ डाक्टरों की टीम द्वारा गंभीर से गंभीर रोगियों का स्वास्थ परीक्षण कर निःशुल्क दवाइयां ओर उचित परामर्श दिया जा रहा हे। इस शिविर का 24 मार्च को समापन होगा।

### जीवन मे समस्त सफलताओं का मुख्य आधार संकल्प शक्ति :भैया दिनेश अग्रवाल

**गुना।** भारतीय धर्म, संस्कृति व आध्यात्म के प्रचार प्रसार के उद्देश्य को लेकर गठित चेतना समूह गुना द्वारा चैत्र नवरात्रि में आयोजित 25 वे नव दिवसीय बिशेष साधना शिविर के तृतीय दिवस में बोलते हुए साधना शिविर के मार्गदर्शक भैया दिनेश अग्रवाल ने कहा कि नवरात्रियो का त्रितीय दिवस मां चन्द्रघण्टा को समर्पित है, बिना सन्तोष व आनंद के प्रगति और विकास का कोई अर्थ नही होता। अतः जीवन के किसी भी क्षेत्र में प्रगति व विकास के साथ हमे सन्तोष और आनन्द भी आवश्यक है। हमारे जीबन में संतोष व आनन्द मां चंद्रघण्टा हमे प्रदान करती है। चेतना साधक विकास जैन नखराली ने बताया कि वर्तमान में चेतना समूह द्वारा भारतीय संस्कृति व आध्यात्मिक गतिविधिया देश मे ही नही अपितु अब विदेशो में भी संचालित हो रही है। शनिवार को इस नव दिवसीय विशेष साधना शिविर के तीसरे दिवस के विशेष उद्बोधन में भैया दिनेश ने कहा कि अपने भीतर की शक्ति को पहचानने का अवसर है नवरात्रि..संकल्प शक्ति, ज्ञान शक्ति और क्रिया शक्ति ही देवी लक्ष्मी, देवी सरस्वती और देवी दुर्गा है।

**समाचार संक्षेप**

## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत आरोन नगर परिषद द्वारा तीर्थ यात्रियों को किया गया रवाना

**आरोन।** मध्यप्रदेश शासन की जनकल्याणकारी मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत नगर परिषद आरोन द्वारा चयनित 15 तीर्थ यात्रियों (6 महिला एवं 9 पुरुष) को गुना रेलवे स्टेशन से जगन्नाथ पुरी तीर्थ यात्रा हेतु विधिवत रवाना किया गया। यह योजना प्रदेश के वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क तीर्थ यात्रा का अवसर प्रदान कर उन्हें आध्यात्मिक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से संचालित की जा रही है।यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व नगर परिषद आरोन द्वारा सभी चयनित यात्रियों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। यात्रियों को यात्रा से संबंधित दिशा-निर्देश विस्तारपूर्वक समझाए गए, जिसमें सुरक्षा, स्वास्थ्य, समय-पालन एवं अनुशासन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां शामिल थीं। साथ ही सभी यात्रियों को पहचान हेतु बैज भी प्रदान किए गए, जिससे यात्रा के दौरान उनकी पहचान सुगम हो सके।गुना रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के सम्मान में एक सादगीपूर्ण विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री दिनेश कुमार सोनी, तीर्थ यात्रा नोडल अधिकारी श्री गोपाल सोनी एवं श्री राजू गौंड सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा यात्रियों का फूल-मालाओं से स्वागत कर उन्हें शुभकामनाओं के साथ विदा किया गया।अधिकारियों ने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना शासन की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके माध्यम से समाज के वरिष्ठ नागरिकों को धार्मिक स्थलों के दर्शन का अवसर मिल रहा है। यह योजना न केवल धार्मिक आस्था को सुदृढ़ करती है, बल्कि समाज में सकारात्मक ऊर्जा एवं संतोष का संचार भी करती है।नगर परिषद आरोन द्वारा यह सुनिश्चित किया गया है कि सभी यात्रियों की यात्रा सुखद, सुरक्षित एवं व्यवस्थित रहे। प्रशासन द्वारा यात्रा के दौरान आवश्यक सहयोग एवं सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए समुचित प्रबंध किए गए हैं।





## पांच अमृत का मिलन, पंचामृत है श्री रामचरितमानसः आचार्य पुरुषोत्तम पारीक

**चाचौड़ा।** श्री राम कथा का वाचन करते हुए रामायणाचार्य पारीक ने कहा ये पंचामृत है।१)रामचरित २) भरत चरित्र 3) शिवचरित्र, ४) हनुमत चरित्र और ५) काग भुसुंडी चरित। मैं मानस की कथा कहता हूं इसलिए यह मत समझना कि कहीं बड़ा चढ़ा कर बताया जा रहा हो ।पर मेरा अनुभव है कि रामचरितमानस विश्व की अंतिम व्यवस्था है ।आगे जगत को कोई व्यवस्था की जरूरत पड़ेगी तो भारत की भूमि कोई बांझ नहीं है। कोई उपाय आ सकता है । पर आज तो हमारे पास विश्व का एक महान सद ग्रंथ रामचरितमानस है। जो मनुष्य को परिपूर्णता प्रदान कर देता है। परम विश्राम देता है। तो इन पांचो अमृत से भरा है यह रामचरितमानस। सैकड़ो संख्या श्रोता कथा श्रवण कर रहे हैं। आयोजक चाचौड़ा नगर वासियों ने श्रोताओं से अधिक से अधिक संख्या में कथा श्रवण हेतु पधारने का आग्रह किया।

# शिवपुरी स्वास्थ्य शिविर को लेकर बैठक हुई आयोजित

### लोगों को अधिक लाभ दिलवाने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



शिवपुरी में चल रहे विशाल स्वास्थ एवं परीक्षण शिविर में राष्ट्रीय स्तर के डॉक्टर और मेडिकल स्टाफ की टीम द्वारा मरीज़ों का उपचार किया जा रहा है,हम सभी का कर्तव्य बनता है कि इस शिविर में ज़्यादा से ज़्यादा लोगों को लाभ पहुंचाया जाए ।ये बात पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया ने स्थानीय संजोग गार्डन में आयोजित बमौरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आयोजित एक वृहद बैठक में उपस्थित बूथ अध्यक्षों को संबोधित करते हुए कही है ।वहीं भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार ने कहा कि केंद्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जी के प्रयासों से आयोजित किए जा रहे इस शिविर तक पहुँचाने के लिए आने जाने की व्यवस्था की गई है,स्थानीय स्वास्थ केन्द्र पर पंजीयन कराने के उपरांत हम सभी को मरीजों का समुचित उपचार कराने हेतु प्रेरित एवं सहयोग करना चाहिए ।बतादें स्व माधवराव सिंधिया स्वास्थ सेवा मिशन,मध्य प्रदेश शासन एवं रोटरी रीजनल मेडिकल मिशन द्वारा शिवपुरी मेडिकल कालेज में निःशुल्क विशाल स्वस्थ एवं परीक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है जिसमें पूरे देश से विख्यात चिकित्सक मरीजों के परीक्षण एवं उपचार के लिए आए हुए हैं ।शासन द्वारा जिले में हर ब्लॉक से मरीजों को निशुल्क आवागमन के लिए बस सेवा उपलब्ध कराई गई है वहीं पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया द्वारा शिवपुरी जाने वाले मरीजों और उनके परिजनों को स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई है ।शिविर मंगलवार को प्रारंभ हुआ था और अगले सप्ताह मंगलवार तक चलेगा ।शिविर में हृदय रोग, कैंसर, किडनी, शिशु, त्वचा, अस्थि, श्वास आदि जटिल रोगों का निशुल्क उपचार किया जा रहा है ।

## उत्साह से मनाया गया ईद उल-फितर का त्योहार



हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन

नगर में मुस्लिम समाज द्वारा ईद-उल-फितर का पावन पर्व उत्साह, श्रद्धा और भाईचारे के साथ मनाया गया। एक माह तक रोजे रखने के बाद ईद के अवसर पर मुस्लिम समाज के लोगों ने ईदगाह पहुंचकर अमन, शांति और खुशहाली की दुआएँ मांगीं।सुबह से ही ईदगाह परिसर में नमाज अदा करने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। शहर काजी द्वारा प्रातः 8:30 बजे ईद की नमाज अदा कराई गई, जिसमें बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने भाग लिया। नमाज के बाद सभी ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी ईद के अवसर पर ईदगाह परिसर को रंगीन लाइटों और फूलों से सजाया गया था, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और उत्सवमय दिखाई दे रहा था। नगर के समाजसेवी एवं जनप्रतिनिधि भी ईदगाह पहुंचे और मुस्लिम समाज के लोगों को ईद की बधाई देते हुए कहा कि ईद का त्योहार आपसी प्रेम, भाईचारे और एकता का संदेश देता है।इस दौरान स्थानीय प्रशासन भी मौजूद रहा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लोगों से सहयोग की अपील की।



## वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी का बलिदान दिवस मनाया गया




हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन

वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी का बलिदान दिवस शनिवार को आरोन में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन शिवानी टायर, एसबीआई बैंक के पास किया गया, जिसमें लोधी समाज सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर समाज के लोगों ने वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और उनके साहस, त्याग एवं देशभक्ति को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि रानी अवंतीबाई लोधी ने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया और उनका बलिदान सदैव समाज को प्रेरणा देता रहेगा।कार्यक्रम में उपस्थित समाज बंधुओं ने उनके आदर्शों पर चलने और समाज में एकता बनाए रखने का संकल्प भी लिया। इस दौरान बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर वीरांगना को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## संगीतमय श्रीराम जन्मोत्सव पर आमासेर में श्रीमद् भागवत कथा व महायज्ञ हुआ शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा

तहसील के ग्राम आमासेर में संगीतामय श्रीराम जन्मोत्सव के पावन अवसर पर 20 मार्च से 27 मार्च 2026 तक श्रीमद् भागवत कथा एवं श्रीराम महायज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। आयोजन को लेकर ग्रामवासियों में उत्साह का माहौल बना हुआ है।आयोजन के अंतर्गत प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से 12 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा का वाचन किया जाएगा।

वहीं प्रातः 8 बजे से 11 बजे तक एवं दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक श्रीराम महायज्ञ संपन्न होगा।कार्यक्रम की शुरुआत 20 मार्च शुक्रवार को गणेश पूजन, कलश यात्रा, हेमाद्री स्नान, मंडप प्रवेश एवं यज्ञ प्रारंभ के साथ होगी। 21 मार्च शनिवार से भागवत कथा का शुभारंभ किया जाएगा। समापन 27 मार्च शुक्रवार को हवन, पूर्णाहुति एवं महाप्रसादी वितरण के साथ किया जाएगा।इस धार्मिक आयोजन में राष्ट्रीय कथा प्रवक्ता एवं यज्ञ आचार्य पं. प्रहलाद जी गौतम (हनुमतधाम सोनाहेड़ा) द्वारा कथा वाचन किया जाएगा। कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री देवनारायण जी महाराज (गोपीचंद महाराज) रहेंगे।आयोजन स्थल श्री देव महाराज प्रांगण, ग्राम आमासेर में रखा गया है, जो चाचौड़ा से राजगढ़ रोड पश्चिम दिशा में लगभग 5 किलोमीटर दूरी पर स्थित है।समस्त ग्रामवासी आमासेर द्वारा क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ लेने की अपील की।



## फूलों की होली के साथ नव संवत्सर का अभिनंदन महिला मंडल ने किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



श्री गहोई वैश्य महिला मंडल अशोकनगर के तत्वाधान में चैत्र नवरात्रि की पूर्व संध्या पर नव संवत्सर अभिनंदन एवं मैत्री समारोह का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन स्थानीय छैलाबाग मंदिर के प्रांगण में किया गया, जिसमें समाज की अनेकों महिलाओ व बच्चों ने उपस्थिति दर्ज की।

समारोह की अध्यक्षता गहोई महिला मंडल की अध्यक्ष सुशीला नौगरैया ने की। प्रभु आराधना से कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ। सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर हाल ही में निकले होली के त्योहार की याद ताजा की, एवं फूलों की होली खेल कर आनंद का अनुभव करते हुए उमंग और उत्साह के साथ नव संवत्सर का अभिनंदन किया। गहोई महिला मंडल की अध्यक्ष सुशीला गुप्ता ने बताया कि हमारी हिंदू संस्कृति में नव संवत्सर का वढा ही महत्व है, सही मायने में यही हमारा नव वर्ष है। इस दिन हम अपने बड़ों को प्रणाम करते हुए उनका आशीर्वाद लेते हैं, तथा नई पीढ़ी को संस्कारवान बनाने की प्रेरणा देते हैं। समारोह में मनीषा छिरोलिया एवं प्रीति सेठ ने मनोरंजक गेम खिलाते हुए उपस्थित महिलाओं में नई ऊर्जा का संचार किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष विजयलक्ष्मी, उपाध्यक्ष रिया छिरोलिया, कोषाध्यक्ष प्रीति सेठ, सचिव मनीषा छिरोलिया, सह सचिव नेहा पिपरसानियाँ, पीआरओ के अलावा नीलू सेठ, ज्योति सेठ, अनीता खैरा सहित लगभग 200 से अधिक महिलाओं की उपस्थिति रहीं।



## वीरांगना रानी अवंती बाई का बलिदान दिवस मनाया

**पिपरई।** वीरांगना रानी अवंती बाई का बलिदान दिवस बड़े ही श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहां लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि रानी अवंती बाई ने 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजों के खिलाफ अदम्य साहस और वीरता का परिचय दिया। उनका बलिदान देशभक्ति और त्याग की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने कहा कि हमें रानी अवंती बाई के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए और देश की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। इस मौके पर गंगाराम लोधी मुकेश लोधी अनंत सिंह लोधी रामबाबू लोधी सर्जन सिंह लोधी महिपाल सिंह रामलखन राजपाल सिंह अनिल सिंह मौजूद रहे।

## थाना चंदेरी को टूरिस्ट मित्र पुलिस व्यवस्था के अंतर्गत मिला टूरिस्ट पुलिस वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





ऐतिहासिक एवं पर्यटन नगरी चंदेरी में आने वाले देश-विदेश के पर्यटकों की सुरक्षा एवं सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए थाना चंदेरी को "टूरिस्ट मित्र पुलिस व्यवस्था" के अंतर्गत नवीन वाहन बोलेरो नियो क्रमांक एमपी03 ए 1519 प्रदान किया गया है। उल्लेखनीय है कि चंदेरी एक प्राचीन एवं ऐतिहासिक नगरी है, जिसका उल्लेख द्वापर काल से मिलता है तथा यह राजा शिशुपाल की राजधानी रही है। अशोकनगर मुख्यालय से लगभग 61 किलोमीटर दूरी पर स्थित चंदेरी में अनेक प्रमुख पर्यटन स्थल जैसे मां जागेश्वरी मंदिर, बादल महल, कोशक महल, लक्ष्मण मंदिर, कटी घाटी, चंदेरी किला, 32 सीढ़ी बावड़ी, राजा-रानी महल, संग्रहालय, जामा मस्जिद, बड़ा मदरसा, चैबीसी जैन मंदिर, खंदार जी जैन मंदिर, रामनगर महल, सिंहपुर महल, पुरानी कचहरी, किला कोठी, राजघाट डैम, स्टोन विलेज विक्रमपुर, क्राफ्ट विलेज प्राणपुर, बुढ़ी चंदेरी, थूबोन जी जैन तीर्थ एवं नरसिंह मंदिर आदि स्थित हैं, जहां वर्षभर पर्यटकों का आवागमन बना रहता है। साथ ही चंदेरी क्षेत्र में फिल्म शूटिंग भी निरंतर होती रहती है। उक्त टूरिस्ट पुलिस वाहन का उपयोग प्रमुख रूप से पर्यटन स्थलों पर सतत निगरानी, पर्यटकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण, उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ कस्बा चंदेरी क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं अपराधों की रोकथाम हेतु किया जाएगा।

### आज होगा 1101 कन्याओं का पूजन

**अशोकनगर।** सेवा भारती जिला अशोकनगर के तत्वधान में अष्टभुजी माता मंदिर कबीरा रोड पर नवराति के पावन पर्व पर आज 1101 कन्याओ का पूजन और भंडारे का आयोजन किया गया है। सेवा भारती जिला सचिव ने बताया कि अशोकनगर के सभी बस्तियों में घर घर जाकर कन्याओं को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा मुख्य वक्ता सुरेन्द्र सिंह सोलंकी प्रान्त संगठन मंत्री सेवा भारती मध्य भारत प्रान्त रहेंगे।

## पीएम श्री हाई स्कूल के बच्चों को शैक्षिक भ्रमण कराया



**शाढ़ौरा।** पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल शाढ़ौरा विद्यालय के छात्र-छात्राओं के लिए सत्र 2025-26 के शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस भ्रमण में कक्षा 5 से 10-तक के लगभग - विद्यार्थियों ने भाग लिया। भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक एवं ऐतिहासिक जानकारी प्रदान करना था। इस अवसर पर विद्यार्थियों को प्रसिद्ध पुरातात्विक, धार्मिक, ऐतिहासिक स्थल ओरछा का भ्रमण कराया गया, जहाँ उन्होंने विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं। शिक्षकों के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने वहाँ की विशेषताओं, इतिहास , महत्व एवं कार्यप्रणाली को समझा। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने अनुशासन का परिचय देते हुए उत्साहपूर्वक सह शैक्षिक गतिविधियों में भाग लिया। शिक्षकों ने उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए तथा सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा गया। शैक्षिक भ्रमण के उपरांत सभी विद्यार्थी बहुत आनंदित हुए और पुनः भ्रमण पर ले जाने के लिए अपनी मंशा व्यक्त की। विद्यालय के प्राचार्य रामबली सिंह रघुवंशी ने इस आयोजन को अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि ऐसे भ्रमण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। तथा वह अपनी इतिहासिक विरासतों से प्रत्यक्ष रूप से परिचित होते हैं। साथ ही प्राचार्य ने सभी विद्यार्थियों को अपने वार्षिक परीक्षा परिणाम एवं नवीन शैक्षणिक सत्र के लिए अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित की।

## अधिकारी निजी कामकाजों में कर रहे सरकारी गाड़ी का इस्तेमाल!

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

केंद्र सरकार भले ही देश भर में सरकारी वाहनों से लाल बत्ती हटाकर वीआईपी कल्चर समाप्त करने का दावा करती हो, लेकिन जमीनी हकीकत इसके उलट है। चंदेरी में सरकारी वाहनों का दुरुपयोग थमने का नाम नहीं ले रहा है। हैरानी की बात यह है कि नियमों को लागू करने वाले जिम्मेदार अधिकारी ही स्वयं सरकारी मर्यादाओं और नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं।

### साहब की सवारी, सरकारी खजाने पर भारी

विभागों में पदस्थ अधिकारी सरकारी वाहनों को अपनी निजी जागीर समझकर इस्तेमाल कर रहे हैं। नियमों के मुताबिक सरकारी वाहन केवल शासकीय कार्यों के लिए ही उपयोग किया जा सकता है, लेकिन चंदेरी में यह गाड़ियां अधिकारियों के व्यक्तिगत और पारिवारिक कामों के लिए दौड़ रही हैं। आलम यह है कि ग्वालियर, ललितपुर, शिवपुरी, दतिया, दिनारा, करैरा, भिंड और भोपाल जैसे शहरों में इन वाहनों को अक्सर निजी दौरों पर देखा जा रहा है। इससे सरकारी खजाने को प्रतिदिन लाखों रुपये के पेट्रोल और डीजल का चूना लग रहा है।

**क्या शून्य हो जाएगा नियमों का औचित्य?**

स्थानीय नागरिकों में इस बात को लेकर भारी रोष है। लोगों का कहना है कि एक ओर सरकार पारदर्शिता की बात करती है, वहीं दूसरी ओर तहसील से लेकर अन्य विभागों तक भ्रष्टाचार का यह रूप साफ दिखाई दे रहा है। जानकारों के मुताबिक, अधिकारियों को घर से ऑफिस आने-जाने के लिए निश्चित सीमा तक की छूट रहती है, लेकिन चंदेरी में अधिकारी इस सीमा को लांघकर व्यक्तिगत कामों के लिए भी सरकारी संसाधन झोंक रहे हैं। यदि समय रहते इस दुरुपयोग पर लगाम नहीं लगाई गई, तो सरकारी नियमों को लागू करने का कोई औचित्य नहीं रह जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वाले अधिकारियों से निजी तौर पर वसूली की जानी चाहिए।

**शासकीय मोटर एक्ट की अनदेखी**

नियमों के अनुसार, सरकारी वाहन का उपयोग करते समय उस अधिकारी की मौजूदगी अनिवार्य है जिसके नाम पर वाहन आवंटित है, बशर्ते वह सरकारी कार्य से जा रहा हो। इसके अलावा परिवार का प्रवेश वर्जित है, वाहन में परिवार के सदस्यों को बैठाकर घुमाना पूर्णतः नियम विरुद्ध है। रात के समय वाहन या तो कार्यालय परिसर में खड़ा होना चाहिए या अधिकारी के शासकीय आवास पर। चंदेरी में स्थिति इसके विपरीत है। कई अधिकारी निजी आवासों पर वाहन खड़े कर रहे हैं, जो शासकीय मोटर एक्ट के तहत दंडनीय है और इसके लिए जुर्माने का भी प्रावधान है।

### पिपरई से मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत 16 श्रद्धालु जगन्नाथ पुरी यात्रा हेतु रवाना

**पिपरई।** नगर के यात्रियों को मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत जगन्नाथ पुरी की यात्रा में 16 श्रद्धालुओं को नगर परिषद द्वारा पुष्प माला पहना कर मंगलमय यात्रा की कामना के साथ रवाना हुए। जिससे श्रद्धालुओं में काफी उमंग एवं मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद किया उन्होंने कहा कि ऐसे जननायक मुख्यमंत्री जो क्षेत्र के विकास के साथ-साथ हम लोगों को तीर्थ दर्शन की योजना चला कर हम सभी को प्रदेशवासियों के लिए दर्शन करने की हमारी अभिलाषा पूर्ण की हमें बहुत खुशी है।जिसमें मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक वर्मा, नगर परिषद अध्यक्ष विशन भाई,विधायक प्रतिनिधि रंजीत धाकरे एवं नगर परिषद के कर्मचारियों द्वारा माला पहना कर मंगलमय यात्रा की कामना की।

## गौ सेवा परिषद ने गौमाता के लिए पानी की टंकियां रखीं



**अशोकनगर।** भीषण गर्मी को देखते हुए राष्ट्रीय गौ सेवा परिषद द्वारा गौमाता के लिए पानी की टंकियां रखी। परिषद के कार्यकर्ताओं ने कोलुआ रोड और अन्य स्थानों पर टंकियां स्थापित कर उनमें नियमित पानी भरने की व्यवस्था शुरू की है।

परिषद के सदस्यों ने बताया कि गर्मी के मौसम में जल की कमी के कारण पशुओं को काफी परेशानी होती है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह सेवा कार्य शुरू किया गया है। उन्होंने आम नागरिकों से भी अपील की कि वे अपने घरों व आसपास के क्षेत्रों में पशुओं के लिए पानी की व्यवस्था करें। इस अवसर पर गौ सेवकों ने टंकियों की साफ-सफाई व नियमित रूप से पानी भरने का संकल्प लिया। परिषद संस्थापक अभिषेक मोहरी, चंद्रपाल राजपूत, रवि वंशकार आदि रहे मौजूद।

## खबर संक्षेप

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कुसमौदा थाना गुना निवासी सोनू अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रोहित परिहार, अंशुल चिड़ार व अन्य दो लोगों ने उसका रास्ता रोककर उससे मारपीट की और वाहन की तोड़फोड़ की। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कुम्हारिया निवासी मनीष यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सतपाल सिंह सिक्ख व उसके दो साथियों ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम छोटी भोपाल निवासी रूद्र प्रताप राजपूत ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी आशु राजपूत और सुनील राजपूत ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### अज्ञात चोर बाईक चुरा ले गए

**अशोकनगर।** जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत ग्राम हसर्रा जिला शिवपुरी निवासी लालसिंह जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि करीला माता मंदिर पार्किंग से कोई अज्ञात चोर उसकी बाईक जिसका नंबर एमपी33 जेडएम 5017 है उसे चोरी कर ले गया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### देवर ने भाभी पर खोलता पानी डाला

**अशोकनगर।** जिले के नईसरायं थाने के अंतर्गत पूजा बाई पत्नि रामकुमार सेन निवासी ग्राम अमरौद सददू ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि शिवकुमार सेन जो रिश्ते में उसका देवर है उसके द्वारा उसे गालियां दी गईं, उस पर खोलता पानी डाल दिया जिस पर से पुलिस ने आरोपी देवर पर मामला दर्ज किया है।

### 10 लाख रुपए का दहेज की मांग को लेकर मामला दर्ज

**अशोकनगर।** सिटी कोतवाली अशोकनगर के अंतर्गत निशी जैन निवासी साड़ा कॉलोनी राघौगढ ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ससुराल पक्ष की ओर से आयुष जैन, विमल जैन,उज्जवल जैन ने 10 लाख रूपए के दहेज की मांग को लेकर उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ति किया। पुलिस ने ससुराल पक्ष पर मामला दर्ज किया है।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कईं मामले दर्ज किए गए हैं, जिले की सेहराई पुलिस ने ग्राम सोनाई निवासी भगवान सिंह आदिवासी के पास से 10 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। सेहराई पुलिस ने नरेश आदिवासी निवासी सोनाई के पास से 05 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। पिपरई पुलिस ने ग्राम भटौली निवासी जहिदरा सिंह यादव के पास से 05 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। चंदेरी पुलिस ने भानसिंह आदिवासी निवासी खानपुर के पास से 05 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। चंदेरी पुलिस ने ग्राम टाड़ा निवासी रतना बंजारा के पास से 06 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

## एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की दी शुभकामनाएं


# देश में अमन, चैन और खुशहाली की कामना के साथ ईद की हुई विशेष नमाज अदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

अशोकनगर शहर में रमजान का महिना समाप्त होने के बाद ईद उल फितर के मौके पर विशेष नमाज का आयोजन हुआ। ईदगाह पर इस विशेष नमाज मे मुस्लिम समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस मौके पर मुस्लिम समुदाय द्वारा देश में खुशहाली और अमन, चैन की खुदा से कामना की गई, खुदा की इबादत में सिर झुकाए गए। विशेष नमाज पूरी होने के बाद लोगों ने एक दूसरे को शुभकामनाएं दीं, पूरे दिन ईद का पर्व मनता रहा।

यह मुसलमानों का सबसे बडा पर्व है। अशोकनगर शहर में रमजान का महिना धूमधाम से मनाया जाता है। इस महिने में रोजेदारों द्वारा रोजे रखे जाते हैं। महिना समाप्त होने के बाद चांद दिखते ही अगले दिन नमाज का आयोजन होता है। शनिवार को मीठी ईद का पर्व मनाया गया। मुस्लिम समाज के लोग नए कपडे पहनकर ईद की विशेष नमाज मे शामिल हुए। सुबह से ही शहर में उत्साह देखा गया। शहर के इमाम बाडे से एक चल समारोह निकाला गया जिसमें जामा मस्जिद के इमाम ईद की विशेष नमाज अदा कराने पहुचे। इस दौरान अनेक गरीबो को सामग्री प्रदान की गई। ईद को लेकर शहर के बाजारों में दो दिन तक रौनक रही। इसे मीठी ईद के रूप मे मनाया गया, घर घर सिवाइया बनाई गईं थीं, इस त्यौहार पर मुस्लिम समुदाय के लोग एक दूसरे के घरों पर जाकर सिवाइयो की दावत देते देखे गए।

### राजपुर में ईद की नमाज अदा करने के बाद अमन चैन को उठे हजारों हाथ



इस्लाम धर्म का सबसे बड़ा त्यौहार कहा जाने वाला ईद-उल-फितर मीठी ईद का त्यौहार राजपुर कस्बे में बड़े ही उल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान ईदगाह पर एकत्रित होकर सैंकड़ों लोगों ने विशेष नमाज अदा की गई। नमाज अदा करने के बाद आपसी सौहार्द, मुल्क की सलामती खुशहाली और बुलंदी के साथ साथ मुल्क में अमन चैन भाईचारा और एकता व अखंडता के लिए अल्लाह की बारगाह में हाथ उठाकर रो-रोकर दुआएं मांगी गई। दुआ के बाद सभी लोगों ने गले मिलकर एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। इस दौरान बड़ी संख्या में हिन्दू भाई भी मुस्लिम समुदाय के लोगों को ईद की मुबारकबाद देते नज़र आए। सिरोंज रोड पर सत्ती वाले पहाड़ पर स्थित ईदगाह पर हाफिज वसीम बैग ने ईद उल फितर की नमाज अदा करवाई।

### एक-दूसरे से गले मिलकर दी मुबारकबाद

शाढ़ौरा में ईद के मौके पर विशेष नमाज का आयोजन हुआ, लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर मुबारकबाद दी। शाढ़ौरा में सुबह 9 बजकर 15 मनिट पर ईद गाह में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने सामुहिक रूप से पहुँचकर विशेष नमाज अदा की। नमाज के दौरान देश में अमन-चैन,खुशहाली और कौमी एकता के लिए विशेष दुआ मांगी गई। मुस्लिम भाइयों ने सुबह की नमाज़ पडने के बाद, एक दूसरे को गले मिले और ईद मुबारक देते हुए बधाइयां एवं शुभकामनाएं दी और भाईचारे एव एकता का संदेश दिया वही घर-घर सेवईंयों बनाई गईं। सभी मुस्लिम भाई नए कपड़े पहने हुए नजर आए। ईद उल फितर का त्योहार उत्साह के साथ मनाया गया। ईद उल फितर के अवसर पर ईद की नमाज़ से पहले मुस्लिम भाइयों द्वारा जरूरतमंदों लोगो को दान (फितरा) दिया गया ताकि वे भी खुशियों में शामिल हो सकें।



### उमंग व उत्साह के साथ मनाया गया ईद त्योहार

ईद के मौके पर विशेष नमाज अदा कर अमन चैन खुशहाली की कामना की,उमंग व उत्साह के साथ मनाया गया ईद त्योहार। नईसरायं तहसील मुख्यालय पर ईद का त्योहार उमंग व उत्साह के साथ मनाया गया। ईद के मौके पर मुस्लिम समाज द्वारा भैंसा रोड स्थित ईदगाह पर विशेष नमाज अदा की गई। इस दौरान हजारों हाथों ने देश की अमन चैन के लिए दुआएं मांगी और खुशी के लिए इबादत की। सुबह से ही मुस्लिम समाज के लोग मस्जिदों और ईदगाह पर पहुंचे ईदगाह पर नमाज अदा करने के बाद मुस्लिम भाइयों ने एक दूसरे को गले लगा कर ईद की मुबारकबाद दी। इस विशेष नमाज के मौके पर मुस्लिम समाज के लोगों ने नए वस्त्र पहने और यह पर्व मनाया, इस दौरान घर-घर मीठी सिबईया बनाई गई लोग एक दूसरे के घरों पर शुभकामनाएं देने के लिए पहुंचे। इस दौरान नईसराय, थाना प्रभारी मनीष गुर्जर पटवारी बृजभान माहौर, आर आई सुरेंद्र सिंह यादव, कोटवार आकाश सेन राजस्व विभाग पुलिस स्टाफ के साथ मौके पर मौजूद रहे। ईद के मौके पर हिंदू भाइयों ने भी अपने मुस्लिम भाइयों से गले लगा कर ईद की बधाइयां दी बच्चों में भी ईद मिलने पर खुशी का माहौल देखा गया।

## तुलसी सरोवर पर किया गणगौर का विसर्जन

# गणगौर के पर्व पर महिलाएं सराफा बाजार हनुमान मंदिर पहुंची



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

गणगौर का पर्व होलिका दहन के अगले दिन से प्रांरभ हो जाता है जो सोलह दिनों तक चलता है। 16वे दिन अग्रवाल समाज की महिलाओं ने स्थानीय सराफा बाजार हनुमान मंदिर जाकर भगवान की पूजा अर्चना की और तुलसी सरोवर पर विसर्जन के लिए पहुंचीं जहां शिव और पार्वती के रूप में ईसर गणगौर का विसर्जन किया गया, जिसमें ईसर शिव हैं और गणगौर पार्वती जी हैं।

इससे पहले शहर मे एक चल समारोह भी निकाला गया था। इस दौरान 16 दिनो तक सूर्य भगवान को अर्ग दिया जाता है। कईं महिलाओं द्वारा 16 दिन तक कार्यक्रम आयोजित किया जाता है, कईं महिलाएं एक दिन का कार्यक्रम रखती हैं जिसे 16वे दिन के रूप में मनाया जाता है। इसे नव युवतियां अच्छे वर की कामना के साथ मनाती हैं तो महिलाएं अपने पति की लंबी आयु की कामना को लेकर यह पर्व मनाती हैं। गणगौर के इस पर्व पर यह महिलाएं सराफा बाजार हनुमान मंदिर से लवकुश मंदिर पर पहुंची वहां से तुलसी सरोवर में इन प्रतिमाओं को विसर्जन के लिए ले जाया गया। गीत गाए गए और भक्ति भाव और सुख समृद्धि की कामना के साथ यह पर्व मनाया गया।

## सुख-समृद्धि की कामना की

# श्रद्धा और उत्साह के साथ महिलाओं ने की गणगौर माता की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर




गणगौर पर्व के तहत शनिवार को महिलाओं ने मंदिरों एवं घर-घर श्रद्धा और उत्साह के साथ गणगौर माता की पूजा अर्चना की। इस दौरान महिलाओं ने पारंपरिक गणगौर गीत गाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

पूजा के समय माता को झाले देकर जल अर्पित किया गया और सुख समृद्धि की कामना की गई। इस दिन महिलाएं व्रत रखती हैं और सामूहिक पूजा की जाती है। मां गौरी को फूल हल्दी और कुमकुम चढ़ाती हैं पारंपरिक वस्त्रों, आभूषणों, मेहंदी आदि से माता का श्रृंगार किया जाता है, पूजा के बाद आरती कर प्रसाद वितरण किया गया।

## प्रमाण पत्र वितरित कर किया सम्मान

# प्रस्फुटन समितियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण व सम्मान समारोह कार्यक्रम हुआ आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ईसागढ़



मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वावधान में नवांकुर संस्था श्री सिद्ध बाबा सौंघना सेवा प्रचार प्रसार समिति शंकरपुर द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का क्षमतावर्धन प्रशिक्षण सेक्टर 3 ढाकोनी आदर्श ग्राम नैथाई की ग्राम पंचायत आनंदपुर पंचायत भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती एवं भारत माता के चरणों में दीप प्रज्वलित कर फूलमाला पहनाकर किया।


मुख्य अतिथि भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष घूमनसिंह आदिवासी महुअन, पूर्व बीईओ शालिग्राम सोलंकी एवं ब्लॉक समन्वयक द्वारका प्रसाद पाठक की अध्यक्षता में समितियों को ग्राम विकास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही मध्यप्रदेश जन अभियान के द्वारा जिन कार्यों को किया जाता है उसकी विस्तार से जानकारी दी तथा प्रतिभागियों को प्रशस्ति प्रमाण पत्र वितरित कर सम्मान किया गया। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के तहत शिक्षा स्वास्थ्य महिला बाल विकास एवं समाजसेवी मातृशक्ति जिन्होंने सेक्टर ढाकोनी क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया उनका नवांकुर संस्था द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और जल गंगा संवर्धन अभियान की जानकारी देते हुए अपने अपने क्षेत्र में जल गंगा संवर्धन अभियान की ग्रामीणों को जानकारी देकर प्रेरित करें। ग्रीष्म काल में सार्वजनिक स्थलों पर जल प्याऊ संचालित कर जल सेवा करें पक्षियों के लिए सकोरे लगाए और मवेशियों को पीने के लिए पानी की व्यवस्था कर जन सहयोग की सहभागिता से कार्य करे। सभी वक्ताओं ने अपने अपने विचार व्यक्त किए।

प्रशिक्षण में जैविक खेती, पौधारोपण, पोषण वाटिका सहित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम जिला समन्वयक बद्री प्रसाद चैहान के निर्देशानुसार एवं ब्लॉक समन्वयक ईसागढ़ द्वारका प्रसाद पाठक के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। मंच संचालन संस्था सचिव दिनेश कुमार सेन द्वारा किया गया। वहीं बीएसडब्ल्यू की छात्रा अंजली बघेल द्वारा स्वागत गीत सरस्वती वंदना का गायन किया। इस अवसर पर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति शंकरपुर, भररोली, नरसुखेड़ी और नैथाई अध्यक्ष धर्मेन्द्र गुर्जर, दशरथ सिंह रघुवंशी दिलीप राठौर अनिल कुशवाह,नगर विकास समिति के अध्यक्ष के तौर पर अमित गोस्वामी एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका शिक्षिका एएनएम आशा सहित कई जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता तथा नवांकुर सस्थान, सखियां उपस्थित रहीं।

# सुख होने पर भी मन नहीं लगता आप सुख की गहराई को पहचान ही नहीं रहें: मुनि श्री अविचल सागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम शिष्य दया भावना गौ चिकित्सालय के प्रेरक मुनि श्री अविचल सागर जी महाराज की अशोकनगर में मंगल अगवानी की गई। अशोकनगर जैन पंचायत ने उनकी भव्यता पूर्वक अगवानी की।



### आदिनाथ से महावीर जन्म जयंती तक चल रहे हैं घर-घर भजन

*इस दौरान जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि परम पूज्य मुनिश्री झांसी उत्तर प्रदेश से पद विहार करते हुए ऐसे समय में पधारे हैं जब युग के आदि में असि मसि कृषि विद्या वाणिज्य का उपदेश देने वाले भगवान आदिनाथ से अंतिम तीर्थंकर महावीर स्वामी के जन्म जयंती का मंगल बात वरण घर घर में गूंज रहा है। हम आने तीस तारीख को भगवान महावीर जन्म जयंती समारोह परम पूज्य के सान्निध्य में मानायेंगे इस हेतु श्री फल भेंट कर निवेदन कर रहे हैं जैन समाज के मंत्री शैलेन्द्र श्रागर ने कहा कि अव से गुरु जी के सान्निध्य में प्रातः काल आठ बजे से अभिषेक एवं जगत कल्याण की कामना करते हुए महा शान्ति धारा होगी। इसके वाद परम पूज्य मुनिश्री के मंगल प्रवचन होंगे शाम को जिज्ञासा समाधान का कार्य क्रम होंगे। इस दौरान जैन समाज उपाध्यक्ष अजित वरोदिया प्रदीप तारई महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई मंत्री शैलेन्द्र श्रागर मंत्री विजय धुर्रा मंत्री संजीव भारिल्य आदि रहे मौजूद।*

### आपके यहां हुए वर्षावास की महक फिजाओं में आज घूम रही है:अविचल सागर महाराज

धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए मुनि श्री अविचल सागरजी महाराज ने कहा जब तक हमारे कर्म नहीं बदलेंगे तव तक हम नहीं बदल सकते हैं आपको कोई भगवान नहीं आयेंगे जो बदल दें। हमारे सामने भी तो भगवान आयें नहीं हमारे समानें आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज मुनिश्री सुधासागर जी महाराज हमारे सामने आये उनका सान्निध्य मिला और हमने अपने आप को बदलकर रख लिया। आज जो कुछ भी हम है इनके आशीर्वाद से ही है और आपको आशीर्वाद दे रहे हैं कि आप भी सुखी हो जायें। आपके नगर में मुनि पुंगव श्री सुधासागरजी महाराज का इतना बड़ा चातुर्मास हुआ।

### पाश्र्वनाथ मंदिर से भव्य जुलूस के रूप में हुआ मंगल प्रवेश

श्री दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी के तत्वाधान में मुनिश्री को भव्य शोभायात्रा के साथ पाश्र्वनाथ मन्दिर से लेकर चले जहां शौभायात्रा में आगे आगे श्री विद्यासागर सर्वोदय पाठशाला के बच्चे धर्म ध्वजा लेकर उनके पीछे युवा मंडल के बच्चों दारा दिव्य घोष का बादन किया जा रहा था उनके पीछे युवा वर्ग जय जय कार के नारे लगाते हुए चल रहे थे। यहां शोभायात्रा पछाडी खेड़ा रोड़ एफो वी पुल गांधी पार्क भगवान महावीर मार्ग आचार्य श्री विद्यासागर दार होते हुए सुभाष गंज पहुंची। रास्ते में स्थान स्थान पर भक्तो ने पादपक्षालन कर आरती उतार कर भव्य आगवानी कर रहे थे यहां शोभायात्रा आदिश्वर धाम सुभाष गंज पहुंच कर धर्म सभा में बदल गई। जहां मुनि श्री के सान्निध्य में जगत कल्याण की कामना के लिए महा शान्ति धारा की गई। जिसका सौभाग्य जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा परिवार ओम प्रकाश देवेन्द्र कुमार पवन कुमार धुर्रा राजेश कासल सहित अन्य भक्तों को दारा की गई मुनि श्री के पद प्रक्षालन का सौभाग्य जैन समाज के मंत्री चक्रवर्ती राकेश कुमार विवेक कुमार अमरोद को प्राप्त हुआ।

## गणगौर उत्सव का शहर में हुआ भव्य आगाज

# नगर में भगवान शिव-पार्वती की निकली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

अपनी ऐतिहासिक विरासत के लिए प्रसिद्ध चंदेरी नगरी में शनिवार से तीन दिवसीय गणगौर उत्सव का हर्षोल्लास के साथ शुभारंभ हुआ। राजस्थान की मूल संस्कृति से जुड़ा यह पर्व चंदेरी में पिछले 150 से अधिक वर्षों से अपनी एक अलग पहचान और अनूठी परंपरा के साथ मनाया जा रहा है।



### श्रद्धा और आभूषणों का संगम

उत्सव के पहले दिन घरों में मिट्टी से निर्मित भगवान शिव और पार्वती की प्रतिमाओं का बेसन व मैदा के कलात्मक आभूषणों से श्रृंगार कर विधि-विधान से पूजा अर्चना की गई। परंपरा के अनुसार, इन प्रतिमाओं को सोने-चांदी के बहुमूल्य आभूषणों से सजाकर नगर के मुख्य मार्गों से निकाला गया।

### फूटाकुआं से शुरू हुआ भक्ति का सफर

उत्सव की शुरुआत नगर के फूटाकुआं मोहल्ला स्थित भार्गव परिवार के यहाँ से हुई। यहाँ विशेष पूजन के पश्चात शिव-पार्वती के राजसी वेश में सजी प्रतिमाओं को महिलाओं ने अपने सिर पर धारण किया। बाहर से आई नृत्यांगनाओं के मनमोहक नृत्य और भक्तिमय वातावरण के बीच यह चल समारोह शाम 6 बजे माँ जागेश्वरी मेला स्थल पहुँचा। प्रतिमाओं पर लाखों रुपये के कीमती आभूषण होने के कारण पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पुलिस बल की कड़ी निगरानी में ही पूरी शोभायात्रा निकाली जा रही है।



### 81वां मां जागेश्वरी देवी मेला आकर्षण का केंद्र

नगरपालिका परिषद चंदेरी के तत्वावधान में आयोजित 81वाँ माँ जागेश्वरी देवी विराट कृषि एवं पशु मेला आज से शुरू होकर 5 अप्रैल तक चलेगा। मेले में सर्कस, झूले, मौत का कुआं और प्रदर्शनी के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों (कवि सम्मेलन, राई, आर्केस्ट्रा, दंगल) की धूम रहेगी। पुरस्कार मेला अधिकारी एवं सीएमओ प्रदीप शर्मा ने बताया कि मेले में सर्वश्रेष्ठ सजावट करने वाले दुकानदारों और उत्तम नस्ल के पशु लाने वाले विक्रेताओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा। शिवपुरी और आसपास के अंचलों से आए हजारों श्रद्धालु और सैलानी रात्रि 10 बजे तक गणगौर उत्सव के इस अलौकिक दृश्य का आनंद ले रहे हैं। चंदेरी की गलियां गणगौर के गीतों और भक्ति के रंग में पूरी तरह सराबोर नजर आ रही हैं।

# जुजित्सु खेल में शिवार्थ धुरेंटे को मुख्यमंत्री ने पंख अवार्ड से सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले के जुजित्सु खिलाडी लगातार अपनी पहचान बना रहे हैं और पिछले 6 वर्षो में अनेक खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्पर्धाओं में भाग लेकर सेंकड़ो पदक मध्यप्रदेश सहित अशोकनगर जिले को दिलाये हैं। जुजीत्सु एक जापानी मार्शलआर्ट खेल है जो मध्यप्रदेश शासन खेल और युवा कल्याण विभाग से मान्यता प्राप्त है। अभी तक अशोकनगर में वुशू खिलाड़ियों ने अनेक उपलब्धियां हांसिल की हैं जिसमें 4 खिलाडी एकलव्य अवार्डी एक खिलाडी विक्रम अवार्डी एवं कोच एक कोच विश्वामित्र अवार्ड से सम्मानित हो चुके हैं।

बंसल ग्रुप के द्वारा प्रदेश के खिलाड़ियों को आर्थिक सहयोग एवं खेलों में उन्हें नई उड़ान देने के उद्देश्य से यह सम्मान समारोह आयोजित किया जाता है। पंख अवार्ड प्रति वर्ष मध्यप्रदेश के सभी जिलों से एक-एक उत्कृष्ट खिलाडी को मेरिट के आधार पर सम्मानित करता है। बड़ी बात यह है कि अशोकनगर जिले से इस प्रतिष्ठित अवार्ड में पिछले दो वर्षों से वुशू खिलाडी ही चयनित हो रहे हैं प्रथम पंख अवार्ड 2023 में पल्ल्वी चैहान वुशू, दूसरा पंख अवार्ड 2024 में गुंजन शर्मा को वुशू एवं वर्ष 2025 के पंख अवार्ड के लिए शिवार्थ धुरेंटे को जुजीत्सु खेल चयनित किया गया है शिवार्थ वुशू कोच ब्रजेश धुरेंटे के पुत्र हैं जो पिछले 7 वर्षों से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।



शिवार्थ ने अभी तक चार राज्य स्तरीय स्पर्धाओं में 6 पदक एवं तीन राष्ट्रीय स्पर्धाओं में भाग लेकर 3 पदक प्राप्त किये हैं। यह सम्मान समारोह भोपाल के प्रतिष्ठित होटल हयात में मध्यप्रदेश शासन के मुख्यमंत्री एवं खेल मंत्री विश्वावास सारंग के मुख्य अथित्य में आयोजित किया गया। जहाँ शिवार्थ को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पंख अवार्ड, गोल्ड मैडल, प्रशस्ति पत्र एवं पचास हजार रुपये का चैक देकर सम्मानित किया गया। शिवार्थ को सम्मानित होने पर जिला वुशू संघ के अध्यक्ष दया सिंह संधू, जिला कुराश कुराश संघ के अध्यक्ष धर्मेंद्र रघुवंशी, जिला जुजीत्सु संघ के अध्यक्ष अर्जुन सिंह यादव एवं कोच ब्रजेश धुरेंटे, पूर्व विधायक जजपाल सिंह, नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया, रोटरी क्लब से रौशन कोहली, खेल अधिकारी अरुण रघुवंशी, सीनियर कोच राजदीप सिंह आदि ने बधाई दी।

### एक-दूसरे को गले लगाकर दी ईद की मुबारकबाद, बेहतर व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन का आभार किया व्यक्त

# मुस्लिम समाज बंधुओं ने ईद-उल-फितर की नमाज अदा कर मांगी अमन-चैन की दुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

मुस्लिम समाज बंधुओं द्वारा पवित्र रमजान माह के 30 दिन के रोजे के बाद चांद दिखाई देने पर शनिवार सुबह ईद की नमाज अदा की। नगर के बस स्टैंड के समीप ईदगाह पर पहुंचकर बड़ी तादाद में मुस्लिम बंधुओं द्वारा खुदा से आपसी भाईचारे अमन चैन की दुआ मांगी तथा ईद की नमाज अदा की गई। ईद की नमाज मोहम्मद बिलाल अहमद मौलाना द्वारा कुरान की आयात पढ़ाकर अमन चैन का पैगाम देते हुए ईद की नमाज अदा करवाई गई। बस स्टैंड पर ईद मिलन समारोह का कार्यक्रम प्रशासन एवं ईद मिलन कमेटी




द्वारा रखा गया जहां पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी एवं पत्रकार बंधुओं ने इत्र पान कराकर एक दूसरे को गले लगा कर ईद की बधाई दी गई। इस मौके पर तहसीलदार आरपी सिंह गौड़, थाना प्रभारी आदित्य सोनी, एस आई संतोष सिंह, पूर्व मंडी अध्यक्ष कमल सिंह पवांर, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष दिनेश पुरोहित, नगर परिषद कर्मचारी राकेश मंडलोई, कमल मंडलोई, आजाद झावा, ईद मिलन कमेटी के पूर्व पार्षद वाहिद शाह, अबरार ताई, जमील खान, शाहिद शाह, सदर शहजाद खान, बादशाह लाला, जलील अहमद, शकीलअहमद, अशरफ खान, जाकिर खान, हिदायत ताई सहित प्रशासनिक अमला मुस्तेद रहा। ईद मिलन में बड़ी संख्या में मुस्लिम बंधु जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

## ब्यावरा में ईद-उल-फितर का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया



**ब्यावरा।** ईद-उल-फितर के अवसर पर स्थानीय ईदगाह पर हजारों की संख्या में मुस्लिम समाजजन एकत्रित हुए और सामूहिक रूप से ईद की नमाज अदा की गई। रमजान माह के मुकम्मल होने के बाद इस्लाम धर्म का सबसे बड़ा त्यौहार ईद-उल-फितर मनाया गया। इस मौके पर सभी मुस्लिम धर्मावलंबियों ने शनिवार को सुबह जामा मस्जिद पर एकत्रित होकर जुलूस की शक्ल में ईदगाह पहुंचे। ईदगाह पर खिताब करते हुए मुफ़्ती शाकिर फलाही ने कहा कि इस्लाम धर्म ऊँच नीच और भेदभाव को खत्म करने का पैग़ाम देता है। उन्होंने कहा कि मुसलमान का सबसे बड़ा कर्त्तव्य अपने पड़ोसी की जरूरतों में उसकी मदद करना है। विविधता में एकता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है इसी ताकत से देश मज़बूत होगा। ईदगाह पर ईद की नमाज़ के बाद मुफ्ती हाशिम अजहरी ने मुल्क में अमन, चैन और खुशहाली के लिए दुआ मांगी। ईदगाह पर नमाज़ अदायगी के पश्चात शहर की हुसैनी मस्जिद एवं जामा मस्जिद में भी ईद-उल-फितर की नमाज़ अदा की गई। अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन के सदर इक़बाल हुसैन ने बेहतरीन व्यवस्थाओं के लिए पुलिस प्रशासन एवं नगरपालिका का आभार व्यक्त किया। जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया,पूर्व विधायक रामचन्द्र दांगी, नगरपालिका उपाध्यक्ष अतुल जगताप, पूनम मेवाड़े, महेंद्र यादव,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राहुल दांगी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष कपिल शिवहरे, पार्षद कैलाश कुशवाह, राधेश्याम दांगी ने ईदगाह स्थल पर जाकर सभी मुस्लिम समाज बन्धुओं को ईद की शुभकामनाएं दी। इस अवसर सभी नागरिक उपस्थित रहे।

## नगर में ईद का त्योहार धूमधाम से मनाया ईदगाह में अदा हुई सामूहिक नमाज

**नरसिंहगढ़।** शहर में ईद का पावन त्योहार बड़े ही हर्षोल्लास और भाईचारे के साथ मनाया गया। इस मौके पर अस्पताल रोड स्थित ईदगाह पर सामूहिक नमाज अता कर अमन शांति की दुआए कबूल की सुबह से ही मुस्लिम समाज के लोग नए कपड़े पहनकर ईदगाह पहुंचे, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने सामूहिक नमाज़ अदा की। नमाज़ के बाद सभी ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और देश में अमन, शांति और खुशहाली की दुआ मांगी। इस



दौरान क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चौबंद रही, प्रशासन और पुलिस बल मौके पर तैनात रहा। ईदगाह परिसर में बच्चों और युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। नमाज़ के बाद लोगों ने एक-दूसरे के घर जाकर सेवइयों और मिठाइयों का आनंद लिया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने भी पहुंचकर लोगों को ईद की शुभकामनाएं दीं और भाईचारे का संदेश दिया।

### वैक्सीनेशन में लापरवाही पर कार्रवाई

## राजगढ़ जिले के 53 सीएचओ को कलेक्टर ने थमाए नोटिस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में संचालित वैक्सीनेशन अभियान में लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध सख्त रुख अपनाया है। कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा शुक्रवार को आयोजित समीक्षा बैठक में टीकाकरण कार्य की प्रगति का विस्तृत मूल्यांकन किया गया, जिसमें स्वास्थ्य विभाग एवं शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बड़ी बात यह है की स्वास्थ में लापरवाही पर जिले के 53 सीएचओ को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए हैं।

समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि विभिन्न विकासखंडों में कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स की उपलब्धता एवं कार्य निष्पादन अपेक्षित स्तर से कम है। सारंगपुर, ब्यावरा, नरसिंहगढ़, राजगढ़, खिलचीपुर एवं जीरापुर क्षेत्रों में सीएचओ की औसत उपलब्धता लगभग 30 प्रतिशत रही, जो निर्धारित 52 प्रतिशत के औसत से काफी कम है। इस गंभीर लापरवाही को देखते हुए जिले के 53 सीएचओ को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए हैं। संबंधित अधिकारियों को तीन दिवस के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

### कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी

जिला टीकाकरण अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में वैक्सीनेशन का लक्ष्य 15,942 निर्धारित किया गया है, जिसके विरुद्ध अब तक 8,478 हितग्राहियों को टीके लगाए जा चुके हैं। कलेक्टर ने शेष लक्ष्य को एक सप्ताह के भीतर पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि अभियान में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### सीएमएचओ को दिए गए तल्ख निर्देश

कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि टीकाकरण कार्य में तेजी लाते हुए मैदानी स्तर पर सतत निगरानी सुनिश्चित करें तथा लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि लढश वैक्सीनेशन अभियान महिलाओं एवं बालिकाओं के स्वास्थ्य संरक्षण से जुड़ा महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, इसमें किसी भी स्तर पर उदासीनता स्वीकार नहीं की जाएगी। जिले में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति के लिए सभी संबंधित विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।



## पेट्रोल से भरे टैंकर के टायर में लगी आग, टला बड़ा हादसा

### फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

शनिवार सुबह लगभग 6 बजे काका जी होटल के पास सर्विस रोड हाईवे पर खड़ी डायल 112 टीम को एक बड़ा हादसा टलने में सफलता मिली। डायल 112 में तैनात प्रधान आरक्षक राकेश गुदेन ने एक 12 चक्का पेट्रोल टैंकर के टायर में अचानक आग लगते हुए देखा। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए उन्होंने तुरंत थाना प्रभारी निरीक्षक आकांक्षा हाड़ा को फोन पर सूचना दी और टैंकर चालक को सतर्क कर वाहन को सुरक्षित रूप से हाईवे से हटाकर सर्विस रोड पर खड़ा कराया। सूचना मिलते ही अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अरविंद सिंह एवं थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। साथ ही नगर पालिका सारंगपुर की फायर ब्रिगेड टीम को भी तुरंत बुलाया गया। पुलिस द्वारा तत्काल हाईवे के दोनों ओर यातायात को रोक दिया गया, जिससे कोई बड़ा हादसा न हो सके। फायर ब्रिगेड की मदद से कुछ ही समय में आग पर काबू पा लिया गया। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, जिससे एक बड़ी दुर्घटना टल गई। इस दौरान उप निरीक्षक गोटीसिंह परस्ते, प्रधान आरक्षक राकेश गुदेन बनवारी गुर्जर, नरेन्द्र धाकड़, धर्मेन्द्र जायसवाल आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## सब जेल सारंगपुर में बंदी पर हमला गंभीर धाराओं में मामला किया दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर




उप जेल सारंगपुर में एक विचाराधीन बंदी पर हमले का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार 20 मार्च को जेल परिसर में बंदियों के बीच विवाद के बाद एक बंदी पर दूसरे बंदी द्वारा हमला किया गया। घटना के दौरान घायल बंदी को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। बताया जा रहा है कि आरोपी बंदी पहले भी विवादित गतिविधियों में शामिल रहा है और जेल में अन्य बंदियों से झगड़ा करता रहा है। घटना के समय भी किसी बात को लेकर कहासुनी हुई, जो बाद में मारपीट में बदल गई।

जेल प्रशासन ने तत्काल हस्तक्षेप कर स्थिति को नियंत्रित किया। इस मामले में सहायक जेल अधीक्षक की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस द्वारा दर्ज प्रकरण में मारपीट, गंभीर चोट पहुंचाने और अन्य संबंधित धाराएं शामिल की गई हैं। जेल प्रशासन के अनुसार घटना की जांच की जा रही है और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की जा रही है। वहीं पुलिस ने मामले को विवेचना में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस घटना के बाद जेल की सुरक्षा व्यवस्था और बंदियों की निगरानी को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। प्रशासन का कहना है कि दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## नगर में महिलाओं ने गणगौर पर्व मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

नगर में गणगौर पर्व महिलाओं द्वारा उल्लास से मनाया गया। प्रातः से महिलाएं सोलह श्रृंगार कर पारम्परिक वेशभूषा धारण कर आनन्द मय वातावरण में पुजा की तैयारियां करती है तत्पश्चात अनेकों महिलाओं ने अपने अपने घरों में तथा दुसरी ओर सामुहिक रूप से नगर के मंदिरों में गणगौर की पुजा अर्चना की। महिलाओं ने बताया कि गणगौर पर्व एक महत्वपूर्ण हिंदू त्योहार है, जो भगवान शिव और माता पार्वती के अटूट प्रेम और मिलन का प्रतीक है। वैसे इस पर्व को मुख्य रूप से राजस्थान और मध्य प्रदेश में बड़े जोर-शोर से मनाया जाता है। जहां महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र और सुखी जीवन के लिए व्रत रखती हैं और पूजा करती हैं।

इस पर्व की शुरुआत होली पर्व के बाद होती है जो कि लगभग 16 दिनों तक चलता है। इस दौरान महिलाएं माता गौरी और भगवान शिव की मूर्तियों को सजाती हैं, ओर अपने पति की लम्बी उम्र के लिए व्रत रखती हैं, ईसर पार्वती की पूजा कर गोर गोर गोमती ईश्वर पूजे पार्वती गाती है। निर्मला भण्ड़ारी श्रीमती कुसुम जमींदार, श्रीमती इंदिरा गुप्ता, श्रीमती मनीषा सोनी, मंजू गुप्ता ने बताया कि महिलाओं की आस्था और विश्वास का प्रतीक, परिवार और समाज में प्रेम, सम्मान, और सौहार्द का पर्व है।

### 27 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण

## सिंचाई, सड़क और स्वास्थ्य सेवाओं से बदल रही ग्रामीण तस्वीर : पंवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनवास

ग्रामीण विकास के प्रति संकल्पित मध्यप्रदेश सरकार गांवों को सशक्त एवं समृद्ध बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इसी क्रम में शनिवार को ब्यावरा विधानसभा के ग्राम लखनवास में मंत्री नारायण सिंह पंवार द्वारा 26 करोड़ 79 लाख रुपए की लागत से विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों का भूमिपूजन/लोकार्पण और शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर उन्होंने 14 करोड़ 98 लाख 22 हजार रुपए की लागत से लखनवास से दूधिया दीवान (नरसिंहगढ़) मार्ग (7.70 किलोमीटर) के उन्नयन एवं चौड़ीकरण कार्य का शुभारंभ किया, जिससे क्षेत्र में आवागमन सुविधा और अधिक सुदृढ़ होगी। वहीं ग्राम लखनवास में 1 करोड़ 59 लाख रुपए से निर्मित नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का लोकार्पण कर ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया गया।

इसके अतिरिक्त 10 करोड़ 21 लाख की लागत से ग्राम पंचायत गांगाहोनी, आमडोर, पाडलीगुसाई, लखनवास, सीलखेड़ा, भंवास, पातलापानी, तरेना, बगवाज, बेरियाखेड़ी, सेमलापार, टोडी, चुकल्या, खेजड़ामहाराजा, कुंडीखेड़ा, आगर एवं सुंदरपुरा में निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया, जिससे ग्रामीण आधारभूत संरचना को मजबूती मिलेगी। इस दौरान मंत्री पंवार ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में देश और प्रदेश में विकास की अभूतपूर्व गति देखने को मिल रही है। पिछले 22 वर्षों में मध्यप्रदेश ने विकास के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल की हैं और सरकार निरंतर जनकल्याण की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि 2003 से पहले मध्यप्रदेश ह्लबीमारू राज्यह्व की श्रेणी में था, लेकिन आज हमारा प्रदेश विकसित राज्यों में सम्मिलित होकर हर क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रहा है।

### वैश्विक स्तर पर भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा

मंत्री पंवार ने कहा कि आज भारत, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व मंच पर एक मजबूत और निर्णायक राष्ट्र के रूप में स्थापित हुआ है। वर्तमान वैश्विक परिस्थितियां चाहे वह अंतरराष्ट्रीय संघर्ष हों, ऊर्जा संकट हो या आर्थिक अस्थिरता—इन सभी चुनौतियों के बीच भारत ने अपनी स्थिति को मजबूती से बनाए रखा है। उन्होंने विशेष रूप से पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति का उल्लेख करते हुए कहा कि वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बावजूद प्रधानमंत्री मोदी के प्रभावी नेतृत्व और दूरदर्शी नीतियों के कारण देश में आम जनता पर इसका अत्यधिक भार नहीं पड़ा। सरकार ने संतुलित नीति अपनाते हुए आपूर्ति को सुचारू बनाए रखा और कीमतों को नियंत्रित रखने का सफल प्रयास किया, जिससे आम नागरिकों को राहत मिली।

### सिंचाई और जल प्रबंधन में ऐतिहासिक परिवर्तन

मंत्री पंवार ने ब्यावरा विधानसभा में सिंचाई क्षेत्र में हुए व्यापक परिवर्तन का उल्लेख करते हुए कहा कि पार्वती नदी पर बन रहे दो बड़े बांध इस क्षेत्र के लिए वरदान साबित होंगे। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से हजारों हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी, जिससे किसानों की उत्पादन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि मोहनपुरा और कुंडालिया परियोजनाओं ने क्षेत्र की तस्वीर बदल दी है। जहां पहले किसान वर्षा पर निर्भर थे, वहीं अब उन्हें नियमित सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो रही है। साथ ही इन परियोजनाओं के माध्यम से पेयजल आपूर्ति भी मजबूत हुई है, जिससे गांव-गांव में जल संकट काफी हद तक समाप्त हुआ है। यह परिवर्तन ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर है।

## सारंगपुर के मऊ में ट्रेन से कटकर बुजुर्ग की मौत

**सारंगपुर।** क्षेत्र के मऊ में शुक्रवार रात 9 बजे एक 62 वर्षीय बुजुर्ग ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही पड़ाना चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान करोंदी गांव निवासी मानसिंह पिता भंवरजी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि आत्महत्या से पहले मृतक ने पड़ाना चौकी पहुंचकर परिजनों से परेशान होने की शिकायत दर्ज कराई थी। इसके कुछ समय बाद ही उसने यह कदम उठा लिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस टीम रात में ही मौके पर पहुंची और शव को बरामद किया। शनिवार सुबह करीब 10 बजे सारंगपुर सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया, जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। ग्रामीणों के अनुसार मृतक मानसिंह भिलाला निवासी (हीरापुर) करौंदी कृषि का कार्य करता था तथा अपने परिवार से अलग निवास करता था, और शुक्रवार दोपहर 12 बजे से घर से लापता था।

### जनभागीदारी से बढ़ेगी जागरुकता, सुरक्षित होगा भविष्य का जल

# श्रमदान से दिया जल संरक्षण का सशक्त संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़




मध्यप्रदेश शासन के जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में जल संरक्षण, जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन एवं जनजागरूकता को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न गतिविधियां सतत रूप से संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में विकासखंड राजगढ़ के ग्राम तोतिपुरा में आयोजित बोरी बंधान कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने स्वयं श्रमदान कर अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप देने का संदेश दिया। कलेक्टर ने कहा कि जल संरक्षण केवल शासन का कार्य नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे परंपरागत जल संरचनाओं के संरक्षण, वर्षा जल संचयन एवं जल के समुचित उपयोग के प्रति सजग रहें, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संकट की स्थिति उत्पन्न न हो।

इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले, संदीप सोनी, जिला समन्वयक प्रवीण सिंह पंवार सहित अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों एवं ग्रामीणजनों ने भी उत्साहपूर्वक श्रमदान कर अभियान में सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के माध्यम से आमजन को जल संरक्षण के महत्व के प्रति जागरूक किया गया तथा ह्लआओ, सब जुड़ेंह्व के संदेश के साथ सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया गया। अभियान के अंतर्गत जिलेभर में जल स्त्रोतों की साफ-सफाई, गहरीकरण, बोरी बंधान एवं अन्य संरक्षणात्मक गतिविधियों के माध्यम से जल संरचनाओं को पुनर्जीवित किया जा रहा है। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे इस अभियान से जुड़कर जल संरक्षण को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाएं, जिससे जब सब जुड़ेंगे, तब ही जल बचेगा, धरती बचेगी और आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित होगा का संकल्प साकार हो सके।

ऐजेन्सी देना है हरिभूमि
राजगढ़ जिले में खाली निम्न स्थानों सुठालिया, पचोर, करेड़ी, छापीहेड़ा, तलेन, और भी अन्य खाली स्थानों पर एजेंसी देना है।
विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करे
संतोष गोस्वामी जिला ब्यूरो चीफ
पता : गुना नाका, बांडी खाली, बंधन बैंक के सामने, फर्स्ट फ्लोर, ब्यावरा जिला (राजगढ़)
नोट: अखबार प्राप्त करने के लिए
सम्पर्क करें 6268644011, 8770833858